''नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा सम्बोधन का सीधा प्रसारण एवं कृषि उन्नति मेला–2018 मा.कृ.अ.प., पूसा, नई दिल्ली के आयोजन में सहभागिता''

जबलपुर, विगत दिनों नानाजी नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश) में डी.डी किसान चैनल व वेबसाइट लिंक से सीधा प्रसारण का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। जिसमें **कृषि उन्नति मेला–2018** मा.कृ.अ.प., पूसा, नई दिल्ली में आयोजित इस मेले के उद्दघाटन व प्रर्दशनी का अवलोकन **मान्नीय प्रधानमंत्री– श्री नरेन्द्र मोदी जी,** द्वारा भ्रमण कर किया गया। इसी श्रृंखला में मान्नीय डॉ. पी.डी. जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन में, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा के निर्देशन में उपरोक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों, वैज्ञानिकों, छात्रों, संस्कारधानी के जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमलेश अग्रवाल, पार्षद नगर निगम, जबलपुर, इस विश्वविद्यालय व कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ. एस.एन.एस. परमार (अधिष्ठाता संकाय), डॉ. वाई.पी. साहनी (संचालक अनुसंधान सेवायें), डॉ. जी.पी. पांडे (कुलसचिव), डॉ. पी.सी. शुक्ला (अधिष्ठाता), डॉ. मधु स्वामी (परीक्षा नियंत्रक), डॉ. राजेश शर्मा (छात्र कल्याण अधिष्ठाता), डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव (जनसंपर्क अधिकारी), समस्त विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं, कृषक भाई–बहनों के विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में यह आयोजन संपसन्न हुआ।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों की आय में दो–गुना वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करना, जैविक कृषि अंगीकृत करने, कृषकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान पर विशेष बल दिया। साथ ही उनके द्वारा **मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी** की उपस्थिति मे श्री गौरी शंकर बिसेन, कृषि मंत्री, कृषि सचिव व अधिकारियों को **मध्यप्रदेश राज्य को पंचम कृषि कर्मण पुरूस्कार–2018** प्रदान किया। उनके इस लगभग घंटे के पूर्ण कार्यक्रम को सभी ने ध्यानपूर्वक देखा श्रवण किया व सभी ने मुक्तकंठ से इस कार्यक्रम को सराहा गया। वैज्ञानिकों–कृषकों के जनसंवाद के दौरान कृषि उन्नति मेला–2018 एवं उन्नत कृषि व पशुपालन तकनीकी के प्रसारणों को डी.डी. किसान चैनल पर नियमित देखने का सुझाव दिये गये। यह कार्यक्र दिनांक 17.03.2018 को कांफ्रेस होल, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के सभागार में संपादित हुआ।

इसी **कृषि उन्नति मेला–2018** मा.कृ.अ.प., पूसा, नई दिल्ली प्रर्दशनी में नानाजी

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा मेला स्थल की प्रर्दशनी स्टाल क्र. 74 में तीन दिनों तक प्रर्दशनी लगाई गई जिसमें विभिन्न उन्नत नस्लों के पशुओं की विशेषतायें, केंचुआ खाद विवरण, पंचगव्य निर्माण इकाई के पंचगव्य उत्पाद जैसेः गोबर के गमले, हवन टिकिया, गौ मूत्र अर्क एवं मच्छर नाशक कुन्डली आदि नियमित रूप से प्रर्दर्शित किये गये। इस प्रर्दशनी में गोबर से बना गमला एवं गौ मूत्र अर्क इत्यादि पंचगव्य उत्पाद प्रमुख रूप से किसानों एवं जन प्रतिनिधियों के बीच आर्कषण का केन्द्र रहे। साथ ही किसान भाईयों ने भारतीय उन्नत पशुओं की नस्लों के एवं पशुपोषण की उन्नत तकनीकियाँ के बारे में भी वैज्ञानिकों से जिज्ञासापूर्वक जनसंवाद स्थापित करते हुए लाभान्वित हुए। इस त्रि–दिवसीय कृषि उन्नति मेला–2018 में देश के विभिन्न प्रांतों से बहुतायत की संख्या में आये पशुपालकों/किसानों/जनप्रतिनिधियों मान्नीय

प्रधानमंत्री जी, श्री राधा मोहन सिंह, केंन्द्रीय कृषि मंत्री व डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, महा निर्देशक, भा.कृ.अनु. परिषद्, नई दिल्ली के साथ विभिन्न गणमान्यों ने विश्वविद्यालय की प्रर्दशनी का अवलोकन कर आयोजित प्रादार्शो की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। इस प्रर्दशनी में डॉ. हरि आर, एवं डॉ. के.पी.एस. सैनी, वैज्ञानिक फामर्स फर्स्ट परियोजना, ना.दे.प.चि.विज्ञान वि.वि., जबलपुर (म.प्र.) की सक्रिय सहभागिता रही।